राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# देश में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया शुभारंभ

## राजभवन से राज्यपाल श्री बागडे ने कार्यक्रम में ऑनलाइन भाग लिया

जयपुर, 17 सितंबर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को 8वें पोषण माह के साथ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजभवन से इस अभियान में ऑनलाइन भाग लिया।

उन्होंने बाद में कहा कि भारत भर में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा और पोषण सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम है।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि देश में महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस राष्ट्रव्यापी सघन अभियान से महिलाओं के स्वास्थ्य की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। यह अभियान बेहतर पोषण और स्वस्थ जीवनशैली के लिए जागरूकता की दिशा में भी बेहद महत्वपूर्ण है।

----

